Title: Need to ensure supply of essential commodities through PDS in ST dominated district in M.P.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मण्डला) : मान्यवर, मध्य प्रदेश के विशेषकर मंडला आदिवासी क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्र में राशन का चावल, चीनी, गेहूं एवं मिट्टी का तेल आदि अभी तक नहीं भेजा गया है जिसके कारण आदिवासी लोग बिना उपभोक्ता वस्तुओं के जीवन काट रहे हैं। इन क्षेत्रों का राशन कहीं और किसी क्षेत्र में बेच दिया गया है। मैं इस संबंध में सरकार को पहले भी अवगत करा चुका हूं, लेकिन कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि सरकार इन क्षेत्रों के आदिवासियों की इस गंभीर समस्या के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई करे।